**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2086**
**दिनांक 12 फरवरी, 2026**

## तमिलनाडु में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए अवसंरचना

†2086. श्री ए. राजाः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूरे तमिलनाडु राज्य में ऊर्जा स्रोत अथवा कच्चे माल के रूप में गैस के विस्तार हेतु अवसंरचना उपलब्ध कराने की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या राज्य के सभी प्रमुख शहरों और नगरों को प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के माध्यम से आपूर्ति करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मांग के आधार पर शहरों और नगरों को पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति की वर्तमान स्थिति का ज़िला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (ग) प्राकृतिक गैस की आपूर्ति प्राकृतिक गैस पाइपलाइन के नेटवर्क और नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के माध्यम से की जाती है। पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के अनुसार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) गैस पाइपलाइन बिछाने, निर्माण करने, प्रचालन करने या विस्तारण करने के लिए कम्पनियों को प्राधिकार प्रदान करता है। तमिलनाडु राज्य से गुज़रने वाली प्रचालन के साथ निर्माणाधीन/आंशिक रुप से चालू प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों की स्थिति अनुलग्नक-I में दी गई है।

पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन देना, संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन बनाना और पाइपलाइन अवसंरचना बिछाना, नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है और यह काम पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत कम्पनियाँ अपने न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार करती हैं।

तमिलनाडु राज्य में, पीएनजीआरबी ने राज्य के सभी जिलों को आच्छादित करते हुए 18 भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) (1 जीए पुडुचेरी (यूटी) और तमिलनाडु में फैला हुआ है और 1 जीए आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में फैला हुआ है) को प्राधिकृत किया है। दिनाँक 31.12.2025 तक, तमिलनाडु राज्य में सीजीडी नेटवर्क बनाने के लिए एमडब्ल्यूपी लक्ष्य और उपलब्धि का जीए-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

तमिलनाडु में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए अवसंरचना ढांचे के संबंध में दिनाँक 12.02.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2086 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| तमिलनाडु राज्य से गुज़रने वाली ऑपरेशनल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की सूचना | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के नाम | प्राधिकृत कम्पनी का नाम | प्राधिकार की तिथि | प्राधिकृत लंबाई (किमी) | प्राधिकृत क्षमता (एमएमएससीएमडी) | प्रचालन लंबाई (किमी) | राज्य जिनसे पाइपलाइन गुज़रती है |
| 1 | कावेरी बेसिन नेटवर्क | गेल | 04.11.2009 | 240 | 4.33 | 242 | तमिलनाडु |

| तमिलनाडु राज्य से गुज़रने वाली निर्माणाधीन प्राकृतिक गैस पाइपलाइन की सूचना | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के नाम | प्राधिकृत कम्पनी का नाम | प्राधिकार की तिथि | प्राधिकृत लंबाई (किमी) | प्राधिकृत क्षमता (एमएमएससीएमडी) | राज्य जिनसे पाइपलाइन गुज़रती है |
| 1 | एन्नोर नेल्लोर | जीटीआईएल | 02.12.2014 | 220 | 36 | तमिलनाडु |

| तमिलनाडु राज्य से गुज़रने वाली आंशिक रूप से चालू की गई प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का विवरण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के नाम | कम्पनी | प्राधिकार की तिथि | प्राधिकृत लंबाई (किमी) | प्राधिकृत क्षमता (एमएमएससीएमडी) | प्रचालन लंबाई (किमी) | निर्माणाधीन लंबाई (किमी) | जिन राज्य जिनसे पाइपलाइन गुज़रती है |
| 1 | कोच्चि-कूट्टनद -बैंगलोर-मंगलौर पाइपलाइन | गेल | 31.05.2012 | 1,104 | 16 | 644 | 460 | केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी |
| 2 | एन्नोर-तिरुवल्लूर-बेंगलुरु पुडुचेरी-नागपट्टिनम मदुरै-तूतीकोरिन पाइपलाइन | आईओसीएल | 10.12.2015 | 1,431 | 84.67 | 1,094 | 337 | तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी |

(स्रोत – पीएनजीआरबी)

*****

अनुलग्नक- II

तमिलनाडु में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए अवसंरचना ढांचे के संबंध में दिनाँक 12.02.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2086 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| क्र.सं. | विशिष्ट जीए आईडी | भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | प्राधिकृत सीजीडी कम्पनी | प्राधिकार की तिथि | लक्ष्य पूरा होने की तिथि | घरेलू | पीएनजी कुल | सीएनजी स्टेशन | | पाइपलाइन अवसंरचना-इंच किमी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | एमडब्ल्यूपी लक्ष्य | दिसंबर (संचयी) | सीएनजी एमड ब्ल्यूपी लक्ष्य | सीएनजी (दिसंबर) | पाइपलाइन एमडब्ल्यू पी लक्ष्य | कुल (दिसंबर) |
| 1. | 9.50 | कराईकल और नागपट्टिनम जिले | पुडुचेरी और तमिलनाडु | टोरेंट गैस लिमिटेड | 28-सितंबर-18 | 30-सितंबर-28 | 166644 | 665 | 27 | 8 | 495 | 430 |
| 2. | 9.61 | कांचीपुरम जिला | तमिलनाडु | एजीपी सीजीडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 26-09-2018 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2022) | 31-मार्च-30 | 1151111 | 7353 | 111 | 50 | 668 | 2131 |
| 3. | 9.62 | चेन्नई और तिरुवल्लूर जिले | तमिलनाडु | टोरेंट गैस चेन्नई प्राइवेट लिमिटेड | 07-09-2018 (नई शुरुआत की तारीख 01.04.2020) | 31-मार्च-30 | 3300000 | 4493 | 222 | 80 | 6666 | 2868 |
| 4. | 9.63 | कोयंबटूर जिला | तमिलनाडु | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 12-09-2018 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2022) | 31-मार्च-30 | 912783 | 39239 | 273 | 43 | 2500 | 3079 |
| 5. | 9.64 | कुड्डालोर, नागपट्टिनम और तिरुवरुर जिले | तमिलनाडु | अडानी टोटल गैस लिमिटेड | 13-09-2018 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2022) | 31-मार्च-30 | 300089 | 242 | 40 | 23 | 839 | 183 |
| 6. | 9.65 | रामनाथपुरम जिला | तमिलनाडु | एजीपी सीजीडी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | 26-सितंबर-18 | 30-सितंबर-28 | 41311 | 4884 | 11 | 8 | 251 | 460 |
| 7. | 9.66 | सलेम जिला | तमिलनाडु | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 12-09-2018 (शुरू होने की नई तिथि 01.10.2024) | 30-सितंबर-32 | 337062 | 5059 | 158 | 24 | 1368 | 711 |
| 8. | 9.67 | तिरुप्पुर जिला | तमिलनाडु | अडानी टोटल गैस लिमिटेड | 13-09-2018 (शुरू होने की नई तिथि 01.10.2023) | 30-सितंबर-31 | 375005 | 2026 | 75 | 35 | 829 | 608 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | 10.03 | चित्तूर, कोलार और वेल्लोर जिले | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु | एजीपी सिटी गैस प्राइवेट लिमिटेड | 24-04-2019 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2022) | 31-मार्च-30 | 2295933 | 18863 | 251 | 52 | 1731 | 4055 |
| 10. | 11.45 | धर्मपुरी और कृष्णगिरी जिले | तमिलनाडु | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 23-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.01.2023) | 31-दिसंबर-30 | 1619227 | 1779 | 201 | 18 | 1201 | 563 |
| 11. | 11.46 | तिरुवन्नामलाई, विल्लुपुरम और कल्लक्कुरिची जिले | तमिलनाडु | मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड | 09-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2023) | 31-मार्च-31 | 1323000 | 7 | 99 | 9 | 2520 | 59 |
| 12. | 11.47 | अरियालुर और पेरम्बलुर जिले | तमिलनाडु | मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड | 15-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2023) | 31-मार्च-31 | 419400 | 0 | 63 | 5 | 1530 | 117 |
| 13. | 11.48 | नमक्कल और तिरुचिरापल्ली जिले | तमिलनाडु | आईआरएम एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड | 15-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.04.2024) | 31-मार्च-32 | 1774000 | 1241 | 290 | 37 | 1450 | 734 |
| 14. | 11.49 | पुदुकोट्टई, शिवगंगा और तंजावुर जिले | तमिलनाडु | मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड | 23-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.07.2023) | 30-जून-31 | 1400004 | 0 | 216 | 7 | 6498 | 189 |
| 15. | 11.50 | मदुरै, थेनी और विरुधनगर जिले | तमिलनाडु | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 23-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.01.2023) | 31-दिसंबर-30 | 2846696 | 2346 | 201 | 28 | 2001 | 778 |
| 16. | 11.51 | कन्याकुमारी, थूथुकुडी , तिरुनेवेली कट्टाबो और तेनकासी जिले | तमिलनाडु | इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 23-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.01.2023) | 31-दिसंबर-30 | 2939842 | 2202 | 251 | 16 | 2001 | 804 |
| 17. | 11.52 | डिंडीगुल और करूर जिले | तमिलनाडु | मेघा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्राइवेट लिमिटेड | 15-03-2022 (शुरू होने की नई तिथि 01.01.2023) | 31-दिसंबर-30 | 1008000 | 0 | 135 | 3 | 3510 | 106 |
| 18. | 11.53 | नीलगिरी और इरोड जिले | तमिलनाडु | भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 15-मार्च-22 | 31-मार्च-30 | 884777 | 41999 | 201 | 57 | 1316 | 1205 |
| **कुल योग - पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत सीजीडी नेटवर्क।** | | | | | | | **23094884** | **132398** | **2825** | **503** | **37374** | **19080** |

(स्रोत-पीएनजीआरबी)